नव भारत

# हंगामेदार होगा मानसून सत्र

- भ्रष्टाचार के मामले में चर्चा के लिए अड़ सकता है विपक्ष
- आज से शुरू होगा पांच दिनी मानसून सत्र




प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 19 जुलाई. मप्र विधानसभा का पांच दिनी मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा. ये सत्र यूसीसी विधेयक को लेकर जहां ऐतिहासिक हो सकता है, वहीं उतना ही हंगामेदार भी हो सकता है.**

विपक्ष यूसीसी को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश तो करेगा ही, वहीं वह केवन-बेतवा लिंक परियोजना में आदिवासियों को उजाड़ने और प्रभावितों को मुआवजा देने में भेदभाव और मनमानी के साथ ही भ्रष्टाचार के मामले में भी स्थगन पर चर्चा की मांग पर अड़ सकता है. इधर सरकार के पास पहले ही बेहद महत्वपूर्ण बिजनेस हैं, जिसके लिए सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है, ऐसे में सदन में पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव की स्थिति बन सकती है.

सत्र के दौरान ही वित्तीय वर्ष 2026-27 की अवधि के लिए प्रथम अनुपूरक बजट पेश होगा, वित्त विभाग ने जो तैयारी की है, उसके मुताबिक इसे मंगलवार 21 जुलाई को सदन में पेश किया जा सकता है. वहीं इसी दिन यूसीसी को लेकर भी विधेयक भी पेश हो सकता है, जो कि सरकार के लिए बेहद महत्वूपर्ण है. वैसे सत्र के दौरान एक दर्जन से अधिक विधेयक पेश किए जाएंगे. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पहले ही सत्र के दौरान 14 विधेयक पेश होने के संकेत दे दिए हैं. ऐसे में सत्र के दौरान सरकार के पास बिजनेस की कमी नहीं है. सामान्य स्थिति में इतने विधेयकों पर सदन में चर्चा हो, तो सरकार को रूटीन बिजनेस निपटाने के लिए समय बेहद सीमित रह सकता है. मिले संकेतों के मुताबिक राज्य सरकार सदन में समान नागरिक संहिता विधेयक 2026 पर कम से कम एक दिन की चर्चा सदन में कराने के पक्ष में है. इससे विपक्ष का रूख जनता के सामने आएगा, सरकार भी यही चाहती है,

### तोमर ने सत्र की तैयारियों का लिया जायजा

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने विधानसभा में शनिवार को विधानसभा सत्र की तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को सत्र के सुचारू रूप से संचालन संबंधी आवश्यक निर्देश दिए. विधानसभा अध्यक्ष द्वारा विधानसभा के सेंट्रल हॉल में लगाए गए महापुरुषों पंडित जवाहर लाल नेहरू, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के तैलचित्रों का अवलोकन किया गया. अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविन्द शर्मा भी उपस्थित रहे.सत्र की अधिसूचना जारी होने से अब तक विधानसभा सचिवालय में तारांकित प्रश्न 900 एवं अतारांकित प्रश्न 856 कुल 1756 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हई हैं. जबकि ध्यानाकर्षण की 267,स्थगन प्रस्ताव की 5,अशासकीय संकल्प की 20,शून्यकाल की 77 सूचनाएं प्राप्त हई हैं.

# पन्ना में मिला बेशकीमती उच्च क्वालिटी का हीरा



**पन्ना, 19 जुलाई.** जिले की रत्नगर्भा धरती ने फिर एक हीरा उच्च क्वालिटी का उगला है, जिसकी कीमत लगभग एक करोड़ बताई जा रही है. जो कि मझगवां स्थित एनएमडीसी लिमिटेड की प्रसिद्ध हीरा खदान से एक उच्च गुणवत्ता वाला 13.16 कैरेट का जेम श्रेणी का प्राकृतिक हीरा मिला है. हालांकि इसका वास्तविक मूल्य आगामी खुली नीलामी में इसकी मांग और गुणवत्ता के आधार पर ही तय किया जाएगा. 2024 में इस खदान में दोबारा काम शुरू होने के बाद से हाथ लगी यह अब तक की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक सफलता है. इससे पहले जब मार्च 2024 में परियोजना को फिर से क्रियान्वित किया गया था, तब 10.04 कैरेट का एक बड़ा हीरा मिला था, लेकिन इस नए 13.16 कैरेट के रत्न ने पिछले उस रिकॉर्ड को काफी पीछे छोड़ दिया है.

# लापता दो चचेरी नाबालिग बहनों के शव कुएं में मिले

**शिवपुरी. जिले के तेंदुआ थाना क्षेत्र के डेहरवारा गांव में सुबह दो चचेरी नाबालिग बहनों के शव कुएं से बरामद किए गए. ये दोनों बहनें लापता थीं. पुलिस ने पहले अपहरण का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी.**

अब शव मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. डेहरवारा निवासी राजेंद्र धाकड़ की 16 वर्षीय बेटी कीर्ति धाकड़ और उनके भाई सुघर सिंह धाकड़ की 17 वर्षीय बेटी पूनम धाकड़ परिवार के साथ भोजन करने के बाद सो गई थीं. परिजनों ने बताया कि जब परिवार के सदस्य जागे तो दोनों बिस्तर पर नहीं थीं. काफी तलाश के बाद भी उनका पता नहीं चलने पर तेंदुआ थाने में सूचना दी गई, इसके बाद अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की गई.

सुबह पुलिस को दोनों के घर से करीब 300 मीटर दूर एक कुएं के पास एक नाबालिग की चप्पल मिली. आशंका के आधार पर पुलिस ने करीब 70 फीट गहरे कुएं का लगभग 40 फीट पानी मोटर की मदद से बाहर निकलवाया.

# बेकाबू भारी वाहन का तांडव : 4 की मौत, 2 गंभीर



**जबलपुर/ नरसिंहपुर।** रविवार शाम सुआतला थाना अंतर्गत इंद्रा नगर हाथीनाला के सामने एनएच 45 में जबलपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार बेकाबू भारी वाहन ने सड़क किनारे खड़े आधा दर्जन लोगों को बेरहमी से कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों कीमौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

एएसपी संदीप भूरिया ने बताया कि जबलपुर की दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित और अत्यधिक तेज रफ्तार भारी वाहन ने सडक़ किनारे खड़े आधा दर्जन ग्रामीणों को बेरहमी से कुचल दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के पहियों के नीचे आए चार लोगों ने दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई थी।स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। एएसपी ने बताया कि आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है ।घटना की विस्तृत जांच जारी है।

### इनकी हुई मौत

हादसे में वीरेन्द्र पिता छोटेलाल लोधी 20 वर्ष, राजेन्द्र लोधी, राजपाल पिता नरबल सिंह लोधी, तीनों निवासी पावला, बेलखेड़ा, जयपाल पिता पंचम सिंह लोधी 30 वर्ष निवासी बरपटी थाना बेलखेड़ा की मौत हुई है जबकि आकाश पिता कल्याण सिंह लोधी 24 वर्ष, नीरज पिता मालक सिंह 25 वर्ष घायल है। घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### आरोपी चालक की तलाश शुरू

हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार का माहौल निर्मित हो गया। अज्ञात भारी वाहन और उसके चालक की तलाश में नाकेबंदी कर दी गई है। पुलिस हाईवे पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि बेकाबू वाहन की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है ।

# रेलवे ट्रैक पर मिला सिरविहीन शव

## पोस्टल असिस्टेंट हत्याकांड का फरार आरोपी पति रेलवे ट्रैक पर मृत मिला

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी हत्याकांड में फरार चल रहे मुख्य आरोपी और मृतका के पति अखिलेश सैनी का शव रविवार को गंजबासौदा के पास रेलवे ट्रैक पर मिला. शव का सिर धड़ से अलग था. पैंट की जेब से आधार कार्ड, अन्य दस्तावेज और एक सुसाइड नोट मिलने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी. इसके बाद इंदौर पुलिस का एक दल अखिलेश के परिजनों को साथ लेकर गंजबासौदा पहुंचा, जहां उसके पिता और भाई ने शव की शिनाख्त की.**



गंजबासौदा और पवई के बीच रेलवे ट्रैक के पोल नंबर 925 के पास सिरविहीन शव पड़े होने की सूचना शहर थाना गंजबासौदा पुलिस को मिली थी. पुलिस ने बताया कि थाना प्रभारी संजय वेदिया मौके पर पहुंचे तो केवल धड़ मिला, जबकि सिर गायब था. पुलिस ने रेलवे ट्रैक के आसपास करीब छह किलोमीटर तक तलाश की, लेकिन सिर का पता नहीं चल सका. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है. गौरतलब है कि 11 जुलाई को थाना क्षेत्र के सरकारी आवास में पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी की हत्या कर दी गई थी. वारदात के बाद से आरोपी अखिलेश सैनी फरार था. जांच के दौरान मृतका की बेटी ने पुलिस को बताया था कि उसका पिता लंबे समय से मां पर बेवजह शक करता था और पहले भी कई बार मारपीट व जान से मारने की कोशिश कर चुका था. आरोपी की गिरफ्तारी पर पहले 10 हजार और बाद में 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था.फरारी के दौरान अखिलेश कहां छिपा रहा और उसकी मौत आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य वजह है.

### पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी...

गंजबासौदा पुलिस से सूचना मिलने के बाद इंदौर पुलिस का दल परिजनों को लेकर मौके पर पहुंचा. मृतक के पिता और भाई ने शव की शिनाख्त अखिलेश सैनी के रूप में की है, शव के पास से जो दस्तावेज बरामद हुए हैं, उसे भी उसकी पुष्टि हुई है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

**थाना प्रभारी**
**संयोगितागंज, केपी यादव**

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**जबलपुर.** सिहोरा थाना अंतर्गत ग्राम गुनहरु मोहसाम में तालाब में डूबने से युवक की मौत हो गई. 23 वर्षीय युवक सागर उर्फ आकाश कोल पिता फूलचंद्र कोल शनिवार शाम को घर से बाहर निकला था.

# अयोध्या पदयात्रा से पहले दिग्विजय ने सोशल मीडिया से बनाई दूरी

**ग्वालियर, 19 जुलाई . पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अयोध्या तक प्रस्तावित पदयात्रा से पहले सोशल मीडिया और निजी मोबाइल से दूरी बनाने का फैसला किया है. उन्होंने अपना एक्स अकाउंट कार्यालय के जिम्मे और निजी मोबाइल नंबर अपने सचिव को सौंप दिया है.**



दिग्विजय सिंह 20 अक्टूबर से उज्जैन के महाकाल मंदिर से अयोध्या तक पदयात्रा शुरू करेंगे. उन्होंने कहा कि अब धर्म और जनसेवा पर रहेगा फोकस ! सोशल मीडिया से दूरी बनाते हुए उन्होंने मंदिर चंदे के हिसाब के लिए कानूनी लड़ाई का ऐलान किया है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और अपने निजी मोबाइल फोन से दूरी बनाने का ऐलान किया है. दिग्विजय सिंह ने अपना आधिकारिक एक्स अकाउंट अब अपने कार्यालय के हवाले कर दिया है.

# पन्ना में ट्रेन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत

**पन्ना, 19 जुलाई. दक्षिण पन्ना वनमंडल के रैपुरा परिक्षेत्र में रतनगांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक वयस्क तेंदुआ मृत अवस्था में मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया. शनिवार सुबह रेलवे के ट्रैक अनुरक्षण कर्मचारियों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद विभागीय टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की.**



प्रारंभिक जांच में वन विभाग ने आशंका जताई है कि तेंदुए की मौत तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से हुई है. हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि के लिए पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है. घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र में वन अमले ने सघन कॉम्बिंग अभियान चलाया तथा सभी संभावित साक्ष्य एकत्र किए.जांच के दौरान स्थानीय ग्रामीणों और रेलवे के ट्रैक अनुरक्षण कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई. वहीं, साक्ष्यों को पुख्ता करने के लिए डॉग स्क्वाड की मदद ली गई.

### पीटीआर में 4 वर्षीय नर बाघ की मौत

**पन्ना.** पन्ना टाइगर रिजर्व के किशनगढ़ कोर क्षेत्र के बृजपुरा इलाके में एक वयस्क नर बाघ मृत अवस्था में मिला है. सूचना मिलने पर टाइगर रिजर्व का अमला तत्काल मौके पर पहुंचा. जिस स्थान पर बाघ का शव मिला, वह अत्यंत दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र है, जो तीन ओर से नदी से घिरा होने के कारण पहुंचना भी कठिन है.पन्ना टाइगर रिजर्व के उप संचालक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बाघ के सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं

# पहली मंजिल पर मिला कारखाना संचालक का खून से सना शव

**इंदौर. चंदन नगर थाना क्षेत्र के राज नगर में रविवार सुबह एक कारखाना संचालक का घर की पहली मंजिल पर खून से सना शव मिलने से सनसनी फैल गई. मृतक के शरीर पर चोट के कई निशान मिले हैं, जबकि शव के पास खून से सना चाकू भी पड़ा था. प्रारंभिक जांच में पुलिस हत्या की आशंका मानकर मामले की पड़ताल में जुट गई है.**



मृतक की पहचान 50 वर्षीय कमल कुमावत के रूप में हुई है, जो अलमारी बनाने का कारखाना संचालित करते थे. रविवार सुबह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आने पर उनके भाई शेखर ऊपर पहुंचे. कमरे का दरवाजा खोलते ही अंदर खून फैला हुआ था और कमल का शव पड़ा मिला. सूचना मिलते ही चंदन नगर थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए. प्रारंभिक जांच में कमरे का सामान भी अस्त व्यस्त मिला है, जिससे घटना से पहले संघर्ष होने की आशंका जताई जा रही है.



### पूर्व विधायक बिजेन्द्र तिवारी की हालत गंभीर

**ग्वालियर.** अपने ज़माने के दिग्गज छात्र नेता, पूर्व विधायक एवं समाजवादी विचारक बिजेन्द्र तिवारी को गंभीर रूप से अस्वस्थ होने के बाद परिवार हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है. बिजेंद्र सन 71 में जीवाजी विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष चुने गए थे. वे ग्वालियर गिर्द सीट से भाजपा के विधायक भी रहे. पिछले विधानसभा चुनाव के समय वे कांग्रेस में शामिल हो गए थे. उन्हें देखने के लिए पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर विवेक नारायण शेजवलकर पहुँचे.

# जीतू ने भाजपा प्रत्याशी को मंच पर बुलाया, आशुतोष ने मांगा आशीर्वाद

**दतिया, 19 जुलाई. दतिया विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के बीच आज रविवार को चिरूला गांव में दिलचस्प नजारा देखने को मिला. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे. इसी दौरान भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी भी गांव में जनसंपर्क कर रहे थे.**



जब आशुतोष दूर से ही जीतू पटवारी को नमस्ते करते हुए आगे बढ़ने लगे तो जीतू ने कहा कि पास आकर मिलो न. इतनी दूर से क्यों जा रहे हो यार. ऐसे नहीं चलेगा. इसके बाद आशुतोष पास पहुंचे.

पटवारी ने पूछा- दूर से जाओगे तो कैसे चलेगा? पास आने पर जीतू ने कहा कि एक तो आप पहली बार आए हो यहां, चुनाव लड़ने के लिए. इससे पहले तो आए नहीं. फिर भी दूर-दूर से जाओगे तो कैसे चलेगा? इसी दौरान आशुतोष ने जीतू के हाथ से माइक लिया और मौजूद लोगों से कहा कि हमारी विचारधारा अलग-अलग है लेकिन हमारे परिवार के रिश्ते हैं. बहुत पुराने रिश्ते हैं. आप सबसे मैं प्रार्थना करता हूं कि आपका आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी को मिले. सिर झुकाकर के आपके आशीर्वाद की अपेक्षा करता हूं.

इसके बाद जीतू ने आशुतोष के हाथ से माइक लिया और कहने लगे कि एक मिनट आशुतोष जी, आपका अधिकार है, आशीर्वाद मांगा. इसी दौरान आशुतोष वहां से जाने लगे तो जीतू ने रोकने की कोशिश करते हुए कहा कि मैंने यहां सबसे पूछा कि इससे पहले आशुतोष जी को कभी देखा तो एक भी हाथ नहीं उठा. इस पर आशुतोष ने कहा कि जबको जानकारी है, यहीं का रहने वाला हूं, यहीं घर है. बचपन से यहां हूं. यह कहकर वे चले गए.

### मुस्कान बालिका गृह से 5 नाबालिग हुईं लापता

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम.** इटारसी स्थित मुस्कान बालिका गृह से पांच नाबालिग बालिकाओं के लापता होने के मामले में नर्मदापुरम पुलिस ने जांच तेज कर दी है. घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा के निर्देश पर विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है, जो तकनीकी साक्ष्यों और साइबर सेल की मदद से बालिकाओं की तलाश में जुट गया है. 17 जुलाई को थाना इटारसी क्षेत्र स्थित मुस्कान बालिका गृह से पांच नाबालिग बालिकाओं के गुमशुदा होने की सूचना प्राप्त हुई थी. इस पर थाना इटारसी में धारा 137(2) बीएनएस के तहत पांच अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई.

**अजब-गजब** सिंहस्थ प्रकोष्ठ का प्रभारी ईई का प्रभार देने की शासन से हुई शिकायत

# आरईएस सीधी घोटाले के दोषी को उज्जैन की कमान

**सीधी, 19 जुलाई . आरईएस सीधी घोटाले के दोषी को उज्जैन की कमान सौंपना काफी सुर्खियों में बना हुआ है. आरईएस सीधी में लाखों के घोटाले के दोषी तत्कालीन ईई को नियम विरुद्ध ननि उज्जैन में करोड़ों के सिंहस्थ प्रकोष्ठ का प्रभार देने की शासन से शिकायत हुई है.**



शिकायत में कहा गया है कि मप्र शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के आदेश क्रमांक 370, दिनांक 26 मार्च 2025 के द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी को तत्कालीन कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित की गई थी. उक्त जांच में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी जांच कर्ता अधिकारी थे. जांच में सभी आरोप पूर्णत: सिद्ध एवं प्रमाणित पाए गए थे. लिहाजा विभागीय जांच में 51 लाख 88 हजार 999 रुपए वसूली योग्य अपव्यय राशि प्रमाणित हुई थी. जांच में यह पाया गया था कि नवीन तालाब निर्माण सिरौला बांध में अपव्यय राशि 3 लाख 15 हजार 398 रुपए, नवीन तालाब निर्माण समदा कृषि फार्म में अपव्यय राशि 3 लाख 15 हजार 805 रुपए, जनपद पंचायत मझौली में ठोंगा दानव पर्वत पर खेल विकास कार्य का कोई उद्देश्य प्राप्त नहीं हुआ. ऐसे में 15 लाख 98 हजार 314 रुपए अपव्यय राशि वसूली योग्य पाई गई. जांच के बाद अपचारी कर्मचारी हिमांशु तिवारी को सिंहस्थ प्रकोष्ठ नगर निगम उज्जैन का कार्यपालन यंत्री की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर सवाल खड़े हो रहे हैं.

### दोष सिद्ध प्रभारी ईई की यहां हुई शिकायत

दोष सिद्ध प्रभारी ईई हिमांशु तिवारी की शिकायतकर्ता एएन सिंह सीधी द्वारा पूरे प्रमाण के साथ प्रमुख सचिव मप्र शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल, अपर मुख्य सचिव मप्र शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल, प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन नगरीय निकास एवं आवास विभाग भोपाल, आयुक्त संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल, मुख्य अभियंता तकनीकी कार्यालय विकास आयुक्त कार्यालय भोपाल, प्रमुख अभियंता मध्य प्रदेश शासन लोक निर्माण/ग्रामीण यांत्रिकी सेवा भोपाल, आयुक्त नगर पालिक निगम उज्जैन से शिकायत की गई है.

### खंडवा को मिलेगी जाम से राहत, रिंग रोड निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी

**खंडवा.** शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नाहल्दा-भंडारिया कृषि महाविद्यालय के बीज केंद्र से अमरावती रोड तक 5.40 किलोमीटर लंबी रिंग रोड के निर्माण के लिए 25.67 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है. लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने इस संबंध में स्वीकृति पत्र जारी किया है. यह परियोजना क्षेत्र की विधायक कंचन मुकेश तनवे के प्रयासों से स्वीकृत हुई है. रिंग रोड बनने से अमरावती की ओर से आने वाले भारी वाहन सीधे हरसूद रोड से जुड़ सकेंगे.

# पुरानी रंजिश को लेकर दो सगे भाइयों की हत्या

- हमले में चाचा और चचेरा भाई घायल
- एनकाउंटर में एक आरोपी घायल

**उज्जैन, 19 जुलाई . नीलगंगा चौराहा पर शनिवार रविवार रात पुरानी रंजिश में भाजपा नेता के परिवार पर 20 से अधिक लोगों ने हथियारों से लैस होकर हमला किया. गोली लगने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई.**



चाचा और चचेरा भाई घायल हुआ है. रविवार सुबह हमले में शामिल एक आरोपी का पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर किया और हिरासत में लिया गया है. 4 अन्य आरोपी भी गिरफ्त में आए हैं जिसमें एक महिला शामिल है.

नीलगंगा चौराहा पर भाजपा नेता दिलीप गौरकर का परिवार निवास करता है. घर के सामने ही दरबार फूड्स रेस्टोरेंट है. 11 बजे के लगभग रेस्टोरेंट पर कुछ दूरी पर बनी जबरन कॉलोनी में रहने वाले पासी समाज के 18 से 20 बदमाश हाथों में हथियार लेकर पहुंचे और रेस्टोरेंट में बैठे लोकेश पित्रा स्वर्गीय प्रदीप गोरकर पर गोलियां चलाना शुरु कर दिया. विवाद की खबर लगते ही लोकेश का भाई जय गोरकर, चचेरा भाई तपत गोलकर और चाचा दिलीप गोरकर बीच बचाव करने आए तो हमलावरों ने उन पर भी गोलियां चलाई और हथियारों हमला किया. लोकेश गोली लगने पर गंभीर घायल हो गया उसका सगा भाई जय पर चाकू और तलवार से हमला किया गया.